12. अनेकार्थी शब्द

अनेकार्थी अर्थात् जिसके अनेक अर्थ हों। शब्द-विचार के अंतर्गत आने वाले अनेकार्थी शब्द किसी शब्द का एक से अधिक अर्थ रखते हैं। हिंदी भाषा में ऐसे अनेक शब्द हैं जो एक ही शब्द का भिन्न-भिन्न अर्थ रखते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से पूछें, 'सोना' शब्द का क्या अर्थ है। 'डाल' शब्द किस-किसके लिए प्रयोग होता है। बच्चे इन शब्दों के अलग-अलग अर्थ बताएँगे। तदुपरांत आप बताएँ, 'सोना' तथा 'डाल' ये शब्द अनेकार्थी शब्द हैं क्योंकि इनके एक से अधिक अर्थ हैं।
- ❖ इस प्रकार बच्चों से चर्चा करते हुए, पाठ पृष्ठ 60-61 पर दिए उदाहरणों से विषय को और सरल बनाएँ।
- ❖ अनेकार्थी शब्दों के अर्थ स्वयं पढ़ें तथा वाक्य प्रयोग प्रत्येक बच्चे से पढ़वाएँ।
- ❖ बच्चों की पाठ के प्रति रुचि जानने के उद्देश्य से बीच-बीच में किसी शब्द का अर्थ या वाक्य प्रयोग पूछें।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें।
- ❖ पाठ के मौखिक प्रश्न के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ पाठ अभ्यास बच्चों से पुस्तक में करने को कहें, आप जाँचें।